# हर ग्यारस पे खाटू बुलाया करो | By Ashutosh Saxena

ऐसी कृपा तुम हम पे बरसाया करो
हर ग्यारस पे खाटू बुलाया करो
हाँ बुलाया करो........

लगता है दिल खाटू में आके
लेते मज़े तुम हमे तड़पा के
ऐसे ना तुम यूँ बाबा इठलाया करो
हर ग्यारस पे खाटू बुलाया करो
हाँ बुलाया करो........

माह में एक दिन आना ज़रूरी है
तुम पूरी कर दो जो इच्छा अधूरी है
ये प्यारा सा चेहरा दिखलाया करो
हर ग्यारस पे खाटू बुलाया करो
हाँ बुलाया करो........

तड़पे हैं नैना मेरे दर्शन को प्यासे
तेरा नाम जपती हैं मेरी ये सांसें
ऐसे तुम यूँ ना हमको बहलाया करो
हर ग्यारस पे खाटू बुलाया करो
हाँ बुलाया करो........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%b0-%e0%a4%97%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%b8-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95/